सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 31.08.2023

सी0एस0डी0 कैन्टीन से LED टीवी चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों सहित कुल 09 अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।

कब्जे से चोरी की गयी विभिन्न कम्पनी की कुल 12 LED टीवी (अनुमानित कीमत – 08 लाख रुपये) की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मैनपुरी निवासी वादी राजीव कुमार यादव पुत्र मुंशीलाल द्वारा दिनांक 30.08.2023 को थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पर तहरीरी सूचना दी गयी कि थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रांतर्गत स्थित उसकी सी0एस0डी0 कैन्टीन से उसके कर्मचारी **दीपक शर्मा, अमित कठेरिया, सतेन्द्र यादव द्वारा अज्ञात लोगों** के साथ मिलकर LED टीवी चोरी कर ली गयी है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पर **मु0अ0सं0 269/2023 धारा 379 भादवि** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम तथा लूट/चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम मे दिनांक 30/31.08.2023 की रात्रि को थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस थाना क्षेत्रांतर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रांतर्गत स्थित सी0एस0डी0 कैन्टीन से LED टीवी चोरी करने वाले अभियुक्त कोकपुरा की ओर से मण्डी पुल की ओर आ रहे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग के दौरान **02 अभियुक्त अमित शर्मा व अमित कठेरिया को मण्डी ओवरब्रिज से गिरफ्तार किया गया** तथा 01 अभियुक्त सतेन्द्र यादव अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत है।

.पुलिस पूछताछः-

पकडे गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने सतेन्द्र उपरोक्त के साथ मिलकर विजयनगर चौराहा के पास स्थित सी0एस0डी0 कैन्टीन से LED टीवी चोरी की गयी थी जिनको हम लोगों द्वारा विभिन्न लोगों को लालच देकर सस्ते दामों में बेच दिया गया है। **अभियुक्तों की निशादेही पर पुलिस टीम द्वारा विभिन्न स्थानों से अन्य 07 अभियुक्तों को चोरी की कुल 12 LED टीवी सहित गिरफ्तार किया गया।**

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध मे थाना फ्रेंड्स कालोनी पर पंजीकृत मु0अ0स0-269/23 धारा 379/411 भादवि मे धारा 411 भादवि की बढोत्तरी की गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

चोरी करने वाले अभियुक्त

1. दीपक शर्मा पुत्र तालेवर निवासी न्यू बस्ती,बंशी गौराह थाना कोतवाली मैनपुरी जनपद मैनपुरी उम्र 30 वर्ष
2. अमित कठेरिया पुत्र हरीचन्द्र निवासी पचावली थाना फ्रैण्डस कालोनी जनपद इटावा उम्र 25 वर्ष

चोरी का सामान खरीदने वाले अभियुक्त

3. ज्ञानेन्द्र शर्मा पुत्र रामसेवक शर्मा निवासी कोकपुरा शाला ,पचावली रोड थाना फ्रैण्डस कालोनी जनपद इटावा उम्र 34 वर्ष
4. भूरे सिह पुत्र अनोखेलाल निवासी पचावली थाना फ्रैण्डस कालोनी जनपद इटावा उम्र 35 वर्ष
5. राघवेन्द्र राजपूत पुत्र मोहरमन सिह निवासी कसौवा थाना बढपुरा जनपद इटावा उम्र 32 वर्ष
6. मो0 नशीम पुत्र अब्दुल रशीद निवासी कटरा पुरदल खान थाना कोतवाली जिला इटावा उम्र 31 वर्ष
7. अब्दुल रशीद पुत्र स्व0 अब्दुल शकुर निवासी कटरा पुरदल खान थाना कोतवाली जिला इटावा उम्र 62 वर्ष
8. सौरभ रविकुल पुत्र गुरूचरन लाल निवासी अल्कापुरी थाना फ्रैण्ड्स कालोनी जनपद इटावा उम्र 34 वर्ष
9. राजकुमार पोरवाल ऊर्फ पिन्टू पुत्र श्रीकृष्ण निवासी कटरा साहब खाँ थाना कोतवाली जिला इटावा उम्र 38 वर्ष

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0स0-269/23 धारा-379/411 भादवि थाना फ्रैण्डस कालोनी जनपद इटावा

बरामदगीः-

1. 05 सैमसंग LED TV 32 इंच
2. 02 SANSUI LED TV 32 इंच
3. 04 सैमसंग LED TV 43 इंच
4. 01सैमसंग LED TV 55 इंच

पुलिस टीमः- निरीक्षक श्री सुधीर कुमार सिंह, उ0नि0 गनेश गुप्ता मय उ0नि0 सत्येन्द्र वर्मा, का0 कुलदीप कुमार,का0 राजकुमार ,का0 अंकित , का0 गौरव पंवार, का0 विशाल चौधरी, म0का0 नीतू, चालक का0 शशिकान्त ।

नोटः- उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 15,000/- रुपये से पुरस्कृत किया गया है।